तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 7 मई 2026


12 अबूझमाड़ के कुतुल में इमली की छांव में सजी चौपाल...



13 बेहतर नेटवर्क से पढ़ाई हुई आसान





## खबर संक्षेप



### एलआईसी शाखा प्रबंधक को स्टाफ ने दी विदाई

**जगदलपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विजय कुमार तिवारी के पदोन्नत होकर रायपुर डिवीजन में मैनेजर सेल्स बनने पर शाखा कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने विदाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं नए वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एम गोपाल राव का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य कौशिक बेनर्जी, एबीएम विकास पांडेय, प्रशासनिक अधिकारी थामस फिलीप एवं राज यादव सहित सभी स्टाफ मौजूद थे।

### 269 देंगे पीईटी, पीजी कालेज धरमपुरा में होगा 14 को

**जगदलपुर।** व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली पीईटी प्रवेश परीक्षा के लिए शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा को केंद्र बनाया गया है, जहाँ कुल 269 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। आगामी 14 मई को परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 01.15 बजे तक होगा। परीक्षार्थी केवल हल्के रंग के हाफ टी-शर्ट और चप्पल पहनकर ही परीक्षा हॉल में बैठ सकेंगे। घड़ी, मोबाइल, जूते-मोजे, बेल्ट और किसी भी तरह के आभूषण जैसे बाली या झुमके पहनकर आने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### 3 राज्यों में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों में हर्ष



**जगदलपुर।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी मे ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों में हर्ष है। विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को बधाई देने महापौर संजय पांडेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा समेत अन्य पार्टी के लोग पहुंचे।

### जनगणना के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा के द्वारा जिले में जनगणना कार्यों की सघन निगरानी और इस दौरान उत्पन्न होने वाली शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। उक्त कंट्रोल रूम हेतु पृथक-पृथक प्रभारी अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को निर्बाध रूप से संपन्न करने के लिए प्रशासन ने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है, जिसके तहत हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन्स की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी।

# तालाब में जानवरों के साथ नहाने और कपड़े धोने को मजबूर ग्रामीण

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर के ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकियां बनने के बावजूद जल संकट गहरा गया है, जिससे ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। भू-जल स्तर गिरने, हैंडपंप सूखने और नलों में पानी न आने से ग्रामीणों को दूर से पानी लाना पड़ रहा है या गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। अमृत मिशन योजना के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का सपना के बस्तर जिले के केशलूर गावं में सपना ही रहने वाला है, क्योंकि लोगों तक पानी पहुंचाने का काम अब तक पूरा नहीं हो सका है। इसलिए ग्रामीण पानी के लिए बेहद परेशान हैं, ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट दिन ब दिन गंभीर होता जा रहा है, गर्मी के मौसम में हालात और भी विकराल हो जाते हैं। ग्रामीण तालाब में जानवरों के साथ नहाने और कपड़े धोने को मजबूर होते हैं। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा होने से ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू तो हुआ, लेकिन बीच में ही रोक दिया गया। सभी घरों में पानी सप्लाई के लिए नल का कनेक्शन लगाया गया, लेकिन पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ▶▶| शेष पेज 12 पर

## केशलूर में 139.51 लाख लागत से होने वाला जल जीवन मिशन का काम अधूरा

### दैनिक जरुरतों के लिए भी नहीं मिलता पानी

केशलूर निवासी महिला पार्वती कश्यप ने कहा कि ग्रामीण पानी के लिए काफी परेशान हैं। नहाने और पीने के लिए पानी नहीं मिलता है, गांव में हैंडपंप की भी सुविधा नहीं है। इसके अतिरिक्त ना ही सौर ऊर्जा नल उपलब्ध है। गांव के तालाब में मवेशी भी नहाते हैं और इंसान भी उसी पानी का इस्तेमाल अपने उपयोग के लिए करते हैं, जिससे बीमारी का खतरा भी बढ़ सकता है।



### ठेकेदार की मनमानी से नहीं हो रहा काम: एसडीओ

पीएचई जगदलपुर संभाग के एसडीओ अनिल अगरकर ने इस संबंध में बताया कि केशलूर में ठेकेदार को 139.51 लाख रूपए की लागत से जल जीवन मिशन शुरू किया था। ठेकेदार की मनमानी से अब तक यह कार्य नहीं हो सका। इसके लिए ठेकेदार को कई बार नोटिस दिया, लेकिन ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**आक्रोश :** एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम, कार्रवाई नहीं होने पर करेगें उग्र प्रदर्शन

# शिक्षक सुसाइड मामले में हजारों लोग उतरे सड़क पर, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पालनार में पदस्थ शिक्षक के आत्महत्या मामले में न्याय की मांग को लेकर बुधवार को हजारों ग्रामीणो ने सड़क पर उतरकर जिला मुख्यालय बीजापुर में जमकर प्रदर्शन किया। शहर के मुख्य मार्ग में रैली के दौरान हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते रहे। यह प्रदर्शन तेलंगा समाज के नेतृत्व में किया गया जिसमें अलग- अलग समाज के प्रमुख मौजूद थे।

- बीजापुर कलेक्टोरेट पहुंची रैली सीएम के नाम दिया ज्ञापन

गौरतलब है कि चेरपाल निवासी और प्राथमिक शाला पालनार में पदस्त शिक्षक राजू पुजारी की संदिग्ध मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर बुधवार को जिले में व्यापक प्रदर्शन हुआ। तेलंगा समाज के नेतृत्व में आयोजित इस रैली को सर्व आदिवासी समाज, महार, महारा और कलार समाज का समर्थन मिला जिससे आंदोलन बड़े जनसमूह में तब्दील हो गया। प्रदर्शन में हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। मिनी स्टेडियम से प्रारंभ हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची जहां प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान न्याय की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की गई और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि राजू पुजारी की मौत के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली संदिग्ध है। उनका कहना है कि जब्त सुसाइड नोट में तीन लोगों के नाम सामने आने के बावजूद अब तक दो आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है जिससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने मामले की न्यायिक जांच कराने जिला पुलिस अधीक्षक की सीधी निगरानी में जांच सुनिश्चित करने तथा दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। इसके अलावा पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा और एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को एक सप्ताह का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों के लिए शासन-प्रशासन जिम्मेदार होगा।







### प्रदर्शन के दौरान इन समाजों के प्रमुख रहे मौजूद

शिक्षक राजू पुजारी की मौत मामले में प्रदर्शन करने वालों में तेलंगा समाज के अध्यक्ष आदिनारायण पुजारी, दिनेश पुजारी, सर्व आदिवासी समाज के सचिव कमलेश पैंकरा, महार समाज के अध्यक्ष अजय दुर्गम, कलार समाज के गौतम राव, अमित कोरसा, कामेश्वर दुब्बा, बीआर अमान, सुरेश परतागिरी, सन्नू हेमला, ईश्वरलाल सोनी, रैमनदास झाड़ी, कैलाश रामटेके, सतीश झाड़ी, मंगल रोटेल, सुबोध पुजारी, पुरुषोत्तम कुड़मुल, पुरुषोत्तम सल्लूर, विजय झाड़ी, कृष्णा बोल्ली, राम सिंग वार्गेम, लक्ष्मैया पुजारी, तिरुपति लिंगम, अनीता, अनीता पुजारी, बसंती लिंगम, पीलू राम पुजारी सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारी के अलावा पीड़ति परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सुशासन का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव एवं सांसद महेश कश्यप पहुंचे। विधायक ने कहा कि सरकार जनता के लिए सतत कार्य कर रही है। सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे आम जनता की बात, शंकाओं और समस्याओं को गंभीरता से सुनें तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से विभिन्न विभाग सीधे जनता के बीच पहुंचकर अपनी योजनाओं, कार्यों की जानकारी देते हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करते हैं। सांसद ने कहा कि सुशासन तिहार शासन-प्रशासन को अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुख बनाने के उद्देश्य से हो रहा है। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और ▶▶| शेष पेज 12 पर

- सभी जनप्रतिनिधि आम जनता की बात गंभीरता से सुनें : देव

### विधायक ने शिशु को खिलायी खीर



महिला बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विधायक किरण देव ने शिशु को खीर खिलाकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने महिलाओं से कहा कि गर्मी बढ़ रही है, इसलिए मासूम बच्चों को धूप से बचाएं।

## धूप में भी कर रहे जनगणना कार्य



**जगदलपुर।** शहर के महारानी वार्ड में मंगलवार को शिक्षा विभाग का एक कर्मचारी जो पिछले दिनों दुर्घटना में चोटिल हो गया था। वह तेज गर्मी के बीच जनगणना डयूटी घर घर पहुंचकर निभा रहा था। पैदल बैशाखी के सहारे वह धीरे धीरे गलियों में जाकर खड़े खड़े ही जनगणना का फार्म भर रहा था। हरिभूमि से चर्चा में उसने कहा कि काम तो करना है गर्मी हो या बारिश। देशहित और जनहित का यह काम काफी जरूरी है।

## कांग्रेसियों ने सड़क पर सिलेंडर रख कर जताया विरोध, की गई नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में लगातार वृद्धि के विरोध में व 543 सीटों पर महिला आरक्षण बिल को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर बस स्टैंड चौक में विरोध प्रदर्शन किया।

- महंगाई की मार से आम जनता त्रस्त : मौर्य

श्री मौर्य ने कहा कि लोकसभा की 543 सीटों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के तहत लगभग 180 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होनी चाहिए। लोकसभा एवं विधानसभा की सभी आरक्षित सीटों पर महिलाओं को पूरा प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। केंद्र सरकार महिला आरक्षण के मुद्दे पर केवल राजनीतिक बयानबाजी कर रही है। उन्होंने कहा बेरोजगारी, बढ़ती कीमतें और किसानों की समस्याएं जस की तस हैं। पेट्रोल-डीजल सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं पहले से मंहगी है और रसोई गैस व कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि कर सरकार जनता की जेब काट रही है। मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। वहीं आम नागरिक महंगाई की मार झेलने ▶▶| शेष पेज 12 पर


## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि - 10.05.2026**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस (MIPS)**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स**

**महोदय,**

........................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ........................
2. पिता/पति का नाम ........................
3. जन्मतिथि अंकों में ........................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ........................
   मोबाइल नंबर ........................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................
7. शैक्षणिक योग्यता ........................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।







## सड़क हादसे में घायल मेडिकल छात्र की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगरनार थाना क्षेत्र स्थित चोकावाड़ा चौक में रविवार शाम हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एमबीबीएस छात्र की उपचार के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गई। मामले में नगरनार पुलिस ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। टीआई नगरनार संतोष सिंह ने बताया कि घायल छात्र की सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई है मामले में घटना की प्रत्यक्षदर्शी रही छात्रा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि नगरनार थाना क्षेत्र स्थित चोकावाड़ा चौक में रविवार शाम गलत दिशा से जा रही ट्रक क्रमांक एचआर 73 सी 5294 से टकराने से बाईक सवार दो मेडिकल स्टूडेंट घायल हो गए थे हादसे में गंभीर रूप से घायल मेडिकल छात्र व्यास नारायण निवासी जालबांधा खैरागढ़ को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था जहां बुधवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के ▶▶| शेष पेज 12 पर

- साथी छात्रा की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

# अंडर ट्रायल, लोक अदालत और हिट एंड रन मामलों पर जिला अधिकारियों के साथ समीक्षा

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी की अध्यक्षता में अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी, मॉनिटरिंग सेल, नेशनल लोक अदालत एवं हिट एंड रन मामलों को लेकर बैठक मध्यस्थता कक्ष में आयोजित की गई।बैठक में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक में लंबे समय से विचाराधीन बंदियों, जमानत होने के बाद भी रिहा नहीं हो पाए बंदियों तथा अधिक समय जेल में बिता चुके कैदियों के मामलों पर चर्चा की गई। पात्र बंदियों को शीघ्र राहत देने के निर्देश दिए गए। मॉनिटरिंग सेल की बैठक में नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण कार्य जल्द शुरू करने पर चर्चा हुई।

साथ ही न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों के आवास निर्माण कार्योर् की भी समीक्षा की गई। बैठक में पीड़ित महिलाओं, बच्चों एवं परिजनों के लिए वातानुकूलित, सुसज्जित और अनुकूल कक्ष तथा शौचालय निर्माण को लेकर भी विचार–विमर्श किया गया। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के लिए निर्देश दिए गए। साथ ही 18 जुलाई को चेक बाउंस मामलों के निपटारे पर भी चर्चा हुई।



### मामलों में मुआवजा प्रक्रिया तेज होगी

अज्ञात वाहनों से हुई दुर्घटनाओं में मृतक और घायलों को क्षतिपूर्ति दिलाने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। पुलिस एवं परिवहन विभाग को आवश्यक दस्तावेज तैयार कर एसडीएम को भेजने के निर्देश दिए गए। जनहित में हिट एंड रन योजना की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए शिविर और व्यापक प्रचार–प्रसार करने पर सहमति बनी।

## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 8 मई को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, लक्ष्मणराव मगर ने की है। यह जानकारी सचिव ईश्वरी दयाल साहू ने दी है।

### विभिन्न पाठ्यक्रमों में मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, रिटेल (सेल्समेन) और सुरक्षा गार्ड पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आगामी 15 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन और रिटेल के प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास आवेदक आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह सुरक्षा गार्ड पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए आठवीं पास तथा न्यूनतम ऊंचाई 5 फीट 6 ईंच वाले पुरूष आवेदक आवेदन कर सकते हैं।

### कार की ठोकर से बाइक सवार घायल



**धमतरी।** नेशनल हाईवे से गुजर रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार पखांजूर निवासी सुरजीत पिता सुधीर उम्र 38 वर्ष और डब्लू हलधर सोमवार की रात्रि बाइक में नेशनल हाईवे से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ग्राम मरौद टोल प्लाजा के पास बाइक को जोरदार टक्कर मार फरार हो गई। कार की ठोकर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क पर पड़े घायलों को निजी एम्बुलेंस की मदद से धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां घायलों का उपचार जारी है।

### फांसी लगाकर अधेड़ महिला ने की आत्महत्या

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान होकर अधेड़ महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम तरसींवा निवासी बिसाहिन बाई साहू पति धरम उम्र 55 वर्ष बीते कुछ वर्षों से शारीरिक रूप से बीमार चल रही थी। वहीं उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी जिसके कारण वह परेशान रहती थी। महिला का साल भर से अस्पताल में इलाज चल रहा था। सोमवार की शाम महिला ने अपने घर के सिलिंग पंखा में स्कार्फ का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर अर्जुनी पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

## विकास, विश्वास और बदलाव का एक ऐतिहासिक क्षण हुआ दर्ज

# अबूझमाड़ के कुतुल में इमली की छांव में सजी चौपाल अब सपना नहीं, हकीकत है विकास : वन मंत्री कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

देश के सबसे दुर्गम और लंबे समय तक नक्सल प्रभाव के कारण मुख्यधारा से दूर रहे अबूझमाड़ के सुदूर ग्राम कुतुल में आज विकास, विश्वास और बदलाव का एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआ। आज़ादी के बाद पहली बार किसी जनप्रतिनिधि के रूप में यहां पहुंचे वन मंत्री केदार कश्यप ने इमली के पेड़ की छांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। यह चौपाल केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उस बदलते दौर का प्रतीक बनी, जहां शासन अब दूर नहीं, बल्कि गांव की चौखट तक पहुंच चुका है। वर्षों से उपेक्षा और अलगाव का सामना कर रहे ग्रामीणों ने पहली बार किसी मंत्री को अपने बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनते और समाधान का भरोसा देते देखा। माहौल में आत्मीयता, विश्वास और उम्मीद की नई किरण स्पष्ट रूप से दिखाई दी। मंत्री केदार श्री इस अवसर पर भावुक भी नजर आए। उन्होंने कहा, "अबूझमाड़ के कुतुल तक पहुंचना कभी एक सपना था, जो आज साकार हुआ है। यह केवल मेरी यात्रा नहीं, बल्कि उस संकल्प की जीत है, जो अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए लिया गया है।" उन्होंने इस ऐतिहासिक पहल का श्रेय डबल इंजन की सरकार को देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में अब विकास उन क्षेत्रों तक पहुंच रहा है, जहां कभी पहुंच पाना भी असंभव माना जाता था।

■ अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए लिया गया संकल्प पूरा





### कांग्रेस ने क्षेत्र को विकास से रखा दूर

मंत्री ने अपने संबोधन में पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, "करीब 70 वर्षों तक देश में शासन करने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इन क्षेत्रों को विकास से कोसों दूर रखा। लेकिन अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार में इस क्षेत्र में विकास का सूर्योदय हुआ है। नारायणपुर जिले सहित पूरा अबूझमाड़ अब सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।" उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर आमजन के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाना है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें।

### ग्रामीणों के चेहरों पर झलका उत्साह

इमली के पेड़ की छांव में सजी यह चौपाल अबूझमाड़ के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक बन गई है। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उस विश्वास की पुनर्स्थापना है कि अब कोई भी क्षेत्र विकास की धारा से अछूता नहीं रहेगा। ग्रामीणों के चेहरों पर झलकता संतोष, उत्साह और भरोसा इस बात का प्रमाण था कि अबूझमाड़ में बदलाव की बयार बह चुकी है और यह बदलाव अब रुकने वाला नहीं।

# प्रभारी सचिव ने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने आज शासकीय महाविद्यालय धनोरा के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जताई। प्रभारी सचिव ने संबंधित निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित समय सीमा को ध्यान में रखते हुए भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, केशकाल एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय भवन पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

■ भीम सिंह ने धनोरा महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

# पारंपरिक खेती पर निर्भर रहने के बजाय अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देना समय की जरूरत : डोमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने कृषि एवं उससे जुड़ी आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यानिकी रोपणी डोंगाघाट, कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हरावंड एवं कुक्कुटपालन प्रक्षेत्र जगदलपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने उद्यानिकी रोपणी में तैयार विभिन्न फलदार पौधों का किसानों एवं ग्रामीणों को प्रदाय करने सहित विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किए जाने कहा। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र में ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्रशिक्षण देकर उन्हें उन्नत खेती किसानी एवं अन्य गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं कुक्कुटपालन प्रक्षेत्र में हेचिंग यूनिट, लेयर शेड, ब्रुडिंग हाउस आदि का निरीक्षण कर प्रक्षेत्र का बेहतर प्रबंधन किए जाने कहा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि के साथ-साथ संबद्ध गतिविधियों पर विशेष फोकस कर ग्रामीणों और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जाए।

■ कमिश्नर ने डोंगाघाट और कुम्हरावंड प्रक्षेत्र का किया अवलोकन

कमिश्नर ने कहा कि केवल पारंपरिक खेती पर निर्भर रहने के बजाय उद्यानिकी, पशुपालन, कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। इससे किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने उद्यानिकी रोपणी में पौध उत्पादन की गुणवत्ता और उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि किसानों को बेहतर पौधे समय पर मिल सकें। वहीं कृषि विज्ञान केन्द्र में संचालित प्रशिक्षण एवं नवाचार गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इनका लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जाए।



### कृषि कार्य के साथ मुर्गी पालें

कमिश्नर ने अधिकारियों से कहा कि स्व-सहायता समूहों और युवा किसानों को कुक्कुटपालन एवं अन्य कृषि आधारित व्यवसायों से जोड़कर रोजगार के अवसर सृजित किए जाएं। इस अवसर पर सयुंक्त संचालक कृषि एमडी ध्रुव, सयुंक्त संचालक पशुपालन डॉ देवेन्द्र नेताम, उपसंचालक उद्यानिकी आकांक्षा सिन्हा सहित कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# ईश्वराम्मा दिवस पर नगर संकीर्तन व किया महाभंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सत्य साई सेवा समिति द्वारा ईश्वराम्मा दिवस के सातवें दिन बुधवार को मंदिर में ओमकाराम, दीप प्रज्वलन सुप्रभातम, ज्योतिर ध्यान कर नगर संकीर्तन निकली, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर में संपूर्ण हुई। उसके बाद ध्वजारोहण किया, मातृका पूजन किया गया और दोपहर को महानारायण सेवा (भंडारा) का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राज्य समन्वयक केएस रमैया, जिला अध्यक्ष संजय वैष्णव, समिति संयोजक मुकेश रायकवार, पूर्व जिला अध्यक्ष सीएल साव, पूर्व समिति संयोजक डी. रामलू राव, आरसी खत्री, विजय साई, कुणाल सूर्यवंशी, जयसिंह राठौर, जीतेंद्र रायकवार, भोला मानिकपुरी, रोहन टांडे, बी नागेश, ईश्वर लाल सलाम, सबाजीत वर्मा, लेखराज हिरवानी एवं श्रीमती रमणा रमैया, राहुल रायकवार, समिति के युवा सदस्य एवं वरिष्ठ भक्त ने अपनी सेवाएं दी।

# नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी तमिलनाडु से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

जिले में नाबालिग लड़की के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान विकास मरकाम 19 वर्ष, निवासी जुगानी कलार थाना फरसगांव के रूप में हुई है।

■ 16 वर्षीय नाबालिग को बहला फुसलाकर ले गया था आरोपी

प्रार्थी ने 11 मार्च को थाना कोंडागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को 9 मार्च की शाम किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला–फुसलाकर अपहरण कर लिया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना कोंडागांव में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी सतीश भार्गव एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में थाना कोंडागांव और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर अपहृता के तमिलनाडु में होने की जानकारी मिली। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति लेकर पुलिस टीम तत्काल तमिलनाडु रवाना हुई।



### आरोपी के कब्जे से बरामद हुई नाबालिग

तमिलनाडु पहुंचकर पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की को आरोपी के कब्जे से सुरक्षित बरामद किया। पूछताछ में आरोपी विकास मरकाम ने अपहरण और दुष्कर्म की घटना को स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को 2 मईको विधिवत गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दी तथा 3 मई को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### पुलिस टीम की तत्परता से मिली सफलता

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक अखिलेश धीवर, सहायक उप निरीक्षक महेश राम साहू, महिला प्रधान आरक्षक विमला माला तथा साइबर सेल कोंडागांव से आरक्षक कृष्ण नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कोंडागांव पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से एक बार फिर यह साबित हुआ कि जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर पुलिस गंभीरता से कार्य कर रही है।

## अधिकारियों को समस्याओं व मांगों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

# सुशासन तिहार: बदवर के शिविर में प्रभारी सचिव ने ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव

जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने बुधवार को केशकाल विकासखंड के ग्राम बदवर में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन तिहार और बस्तर मुन्ने शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को उनकी समस्याओं और मांगों के त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया। प्रभारी सचिव ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में पहुंचकर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक श्री आकाश श्रीश्रीमाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी सचिव ने कहा कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि सुशासन तिहार और बस्तर मुन्ने के माध्यम से शासन जिला प्रशासन हर गांव तक पहुंचे और हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर पूरी गंभीरता के साथ संतोषजनक और समाधानपरक निराकरण करें।

■ स्टालों में जाकर योजनाओं के क्रियान्वयन व कार्यों की प्रगति जानी



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत शिविर के माध्यम से शासन गांव गांव तक पहुंच रही है। इन शिविर में पहुंचकर अपनी मांगों और समस्याओं को अवश्य अवगत कराएं।

### हितग्राहियों को बांटी सामग्री

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 05 हितग्राहियों को आवास की चाबी, 15 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, 02 हितग्राहियों को आजीविक डबरी, 01 हितग्राही को राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 10 डिजिटल किसान किताब, 10 बी वन खसरा और 01 अधिकार अभिलेख पत्र, शिक्षा विभाग द्वारा 04 जाति प्रमाण पत्र और समूह की 12 महिलाओं को लखपति दीदी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई और अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया गया।

### ये रहे उपस्थित

शिविर में सरपंच श्रीमती धारिणी प्रधान, श्रीराम यद्धु, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### तालाब में जानवरों ....

ने आरोप लगाया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मांगों को ऊपर तक नहीं पहुंचाते, पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन के लिए मजबूर होंगे, ग्रामीणों की मांग है कि जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों की तत्काल समीक्षा कर पूरे किए हो, ताकि गर्मी के कठिन समय में उन्हें पेयजल के लिए भटकना न पड़े।
नहाने के लिए तालाब का सहारा : गांव के शंकर कश्यप ने बताया कि नहाने के लिए तालाब का सहारा लेते हैं, जिसमें लोगों के डूबने का डर है। दो वर्ष से पानी टंकी का निर्माण तो कराया गया है, लेकिन पानी सप्लाई का कार्य एक बार भी शुरू नहीं किया गया। गांव के लोग केवल ठेकेदार को ही जानते हैं, जो निर्माण कार्य नहीं करवा रहा है, बाकि अन्य जिम्मेदारों को ग्रामीण नहीं जानते हैं। चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधियों के द्वारा पानी सप्लाई का कार्य करने की बात कही गई थी लेकिन आज तक पूरी नहीं हुई। पानी के लिए गांव के सभी वर्ग के लोग काफी परेशान हैं। पीने और दैनिक उपयोग के लिए समय पर पानी नहीं मिलता है।
समाधान नहीं हुआ: ग्रामीण भागवती गुप्ता ने बताया कि पानी की समस्या से काफी परेशान हैं। पानी के समाधान के लिए स्थानीय विधायक के पास भी गए थे, लेकिन समाधान नहीं हुआ। सौर ऊर्जा नल की भी मांग की गई, लेकिन मांगें भी पूरी नहीं हुई।

### सुशासन का उद्देश्य ...

जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर अधिकतम लाभ उठाएं।मारकेल शिविर में 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में 29 विभागों ने स्टॉल लगाए। जिनका निरीक्षण सांसद एवं विधायक ने किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद किए। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया गया। शिविर में बस्तर मुन्ने, नियद नेल्लानार तथा सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा जनकल्याणकारी शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

### कांग्रेसियों ने सड़क ...

को मजबूर हैं। कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होगी।
ये रहे उपस्थित: इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष रामशंकर राव, कविता साहू, महिला अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री अभिषेक नायडू, प्रशांत जैन,सुषमा सुता, कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र पटवा, ब्लॉक अध्यक्ष सूयार्पानी, अमरनाथ सिंह,ललिता राव,संदीप दास, हनुमान द्विवेदी, अंगद त्रिपाठी, विजेंद्र ठाकुर, एम वेंकट राव, अपर्णा बाजपेयी, नंदू सेन,पार्षद शुभम यद्गू,लोकेश चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में ....

आठ छात्र रविवार को चार दुपहिया वाहन में तिरिया घुमने गए हुए थे। वापस लौटने के दौरान एक बाइक चोकावाड़ा चौक में गलत दिशा से जा रही ट्रक से टकरा गई थी। इस हादसे में बाइक के पीछे बैठी छात्रा श्वेता जागंड़े निवासी दुर्ग दूर जा गिरी जिन्हे सामान्य चोट आई थी। जबकि छात्र व्यास नारायण ट्रक से जा टकराया इस हादसे में व्यास नारायण के सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई थी।
साथी छात्रा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज : साथी छात्रा और प्रत्यक्षदर्शी श्वेता जागंड़े की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। टीआई ने बताया कि मामले में ट्रक जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# विधायक ने किया पानी टैंकरों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



बुधवार को चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने जनहित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पानी टैंकरों का वितरण किया।

यह कार्यक्रम दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत छिन्दावाड़ा एवं लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत हर्राकोडेर में आयोजित किया गया। विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में जल समस्या को दूर करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में कई गांवों में पेयजल की समस्या विकराल रूप ले लेती है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए पानी टैंकरों का वितरण किया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद गांवों तक समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र में स्थायी जल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जल संरक्षण, नए जलस्त्रोतों के निर्माण एवं पुराने स्त्रोतों के पुनर्जीवन जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे भविष्य में ऐसी समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पानी टैंकरों की उपलब्धता से उन्हें राहत मिलेगी और दैनिक जीवन में आ रही कठिनाइयों में कमी आएगी। अंत में विधायक ने सभी से जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की अपील की और कहा कि जल है तो कल है के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## खबर संक्षेप

### दंतेश्वरी पीजी कॉलेज में पीपीटी परीक्षा आज

**दंतेवाड़ा।** शासकीय दंतेश्वरी पीजी कॉलेज दंतेवाड़ा में 7 मई को पीपीटी परीक्षा का आयोजन होगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित के निर्देश दिए गए है। इस परीक्षा में कुल 50 अभ्यर्थी शामिल होगें। जिनके लिए व्यवस्थित बैठने एवं सुरक्षा की उचित व्यवस्था की गई है। नोडल अधिकारी भरतराम ध्रुव के मार्गदर्शन में परीक्षा व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जायेगा।

### महिलाओं के लिए कैंसर जांच शिविर कल

**दंतेवाड़ा।** विश्व रेड क्रॉस दिवस 8 मई के अवसर पर जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में महिलाओं के लिए निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर किया जा रहा है। शिविर में महिलाओं में सामान्य रूप से पाए जाने वाले ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर की प्रारंभिक जांच की जाएगी। साथ ही सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा दंतेवाड़ा डॉ. अजय रामटेके ने जिले की महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

### जनसमस्या निवारण शिविर में 133 आवेदन मिले



**बस्तर।** सुशासन तिहार के तहत नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 2, 3, 4 व 12 के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन पुराना नगर पंचायत कार्यालय में किया गया। शिविर में कुल 133 आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त हुए। शिविर में सुशासन तिहार के तहत पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी भी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जनकल्याणकारी शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरुणपाल लहरे ने बताया कि नगर पंचायत में 21, राजस्व विभाग में 82, महिला एवं बाल विकास विभाग में 5, खाद्य विभाग में 1, आधार कार्ड में 16 व अन्य में 8 मिले आवेदन मिले। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। अधिकारियों ने कहा कि सभी आवेदनों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाएगा। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य है।

### निधन

**सुधा कोस्टा**

**जगदलपुर।** वृंदावन कालोनी निवासी पत्रकार राजा कोस्टा की धर्मपत्नी सुधा कोस्टा का अचानक तबीयत बिगड़ने से निधन हो गया। अंतिम यात्रा बुधवार सुबह निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें समाज के लोगों सहित बड़ी संख्या में पत्रकार और शहरवासी मौजूद रहे। कम उम्र में देहांत पर सभी ने शोक संवेदना व्यक्त कर मृतात्मा की शांति और परिवार को संबल देने की कामना ईश्वर से की है।

## छात्रों के लिए वरदान साबित होंगे 5 जी टावर

# बेहतर नेटवर्क से पढ़ाई हुई आसान

### वार्ड 17-18 में लगे 5जी टावर से छात्रों को मिलेगी हाई-स्पीड इंटरनेट की सौगात

**पालिका की आय में होगा इजाफा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



नगर के वार्ड क्रमांक 17 और 18 में लंबे समय से चली आ रही खराब नेटवर्क की समस्या अब बीते दिनों की बात हो गई है। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह की सक्रियता और विशेष प्रयासों के फलस्वरूप क्षेत्र में निजी कंपनी के दो अत्याधुनिक 5जी मोबाइल टावर

■ नपा अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह के प्रयासों से दूर हुई नेटवर्क की समस्या

लगाए गए हैं। इस पहल से न केवल स्थानीय निवासियों को हाई-स्पीड कनेक्टिविटी मिली है, बल्कि पालिका के राजस्व में भी बढ़ोत्तरी सुनिश्चित हुई है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की गति अत्यंत धीमी होने के कारण ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले हॉस्टल महाविद्यालय में छात्र छात्राओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। वीडियो क्लासेज और स्टडी मटेरियल डाउनलोड करने में घंटों का समय लग जाता था। अब 5जी टावर लगने से बच्चों को निर्बाध इंटरनेट की सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी डिजिटल शिक्षा को नई गति मिलेगी। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के भविष्य के लिए एक बड़ा कदम बताया है। यह परियोजना केवल कनेक्टिविटी तक सीमित नहीं है, बल्कि नगर पालिका प्रशासन के लिए आय का एक नया स्त्रोत भी बनकर उभरी है। इन टावरों की स्थापना के बाद, निजी कंपनी द्वारा पालिका को प्रतिमाह किराया और निर्धारित शुल्क दिया जाएगा। इससे पालिका की मासिक आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिसका उपयोग नगर के अन्य विकास कार्यों और जन-सुविधाओं के विस्तार में किया जा सकेगा।

**हमारा लक्ष्य हर वार्ड को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना**

हमारा लक्ष्य किरंदुल के हर वार्ड को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना है। वार्ड 17-18 एवं आसपास के क्षेत्र के बच्चों और आम जनता को नेटवर्क की वजह से काफी परेशानी हो रही थी। 5जी टावर लगने से अब डिजिटल सेवाओं का लाभ हर घर तक पहुँचेगा। साथ ही, इससे होने वाली आय को हम नगर के सर्वांगीण विकास में उपयोग करेंगे।

**अध्यक्ष के प्रयासों की कर रहे सराहना**

वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह के इस दूरदर्शी निर्णय की प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि अध्यक्ष ने स्थानीय समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए न केवल तकनीकी समस्या का समाधान किया, बल्कि नगर पालिका की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती दी है।

### ग्राम भूसारास में हुआ जनसमस्या निवारण शिविर



**दंतेवाड़ा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत कटेकल्याण ब्लाक के ग्राम भूसारास में आज जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया। उक्त षिविर में ग्राम भूसारास के साथ-साथ एड़पाल, दुधीरास, बडे.बेड़मा, कोरीरास, छोटे बेड़मा, जंगमपाल, प्रपातगिरी और छोटे लखापाल के ग्रामीण शी शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया और त्वरित निराकरण के प्रयास किए गए। इसके अलावा राज्य स्तर से संबंधित मांगों को प्रस्ताव के रूप भेजा जायेगा। उक्त शिविर में कुल 207 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित मांगें और शिकायत शामिल थीं। उपस्थित अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। शिविर के दौरान जनपद पंचायत सीईओ आशीष डे सहित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगर पंचायत बस्तर में मकानों की गणना शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

नगर पंचायत बस्तर के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में मकान जनगणना का कार्य निरंतर प्रगति पर है। छत्तीसगढ़ राज्य के मास्टर ट्रेनर संतोष मेढे ने नगर पंचायत कार्यालय में जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विभिन्न वार्डों में पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया और प्रगणकों-सुपरवाइजर से संवाद कर जरूरी सुझाव दिए।

सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर की उपस्थिति में कार्य सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ संपादित किया जा रहा है। जनगणना कार्य के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी तत्परता से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, जिससे यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके। मैदानी अमला घर-घर पहुंचकर प्रत्येक मकान का सर्वेक्षण कर आवश्यक जानकारी संकलित कर रहा है। मास्टर ट्रेनर संतोष मेढे ने प्रगणकों को सटीक आंकड़े एकत्र करने और नागरिकों से शालीनता से जानकारी लेने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय स्तर पर जनगणना कार्य की सतत निगरानी भी की जा रही है, ताकि कार्य में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनी रहे। प्रशासन का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी मकान या परिवार गणना से न छूटे और सटीक आंकड़े एकत्र हों।

अधिकारियों ने बताया कि सही जनगणना भविष्य की विकास योजनाओं का आधार बनती है, इसलिए सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरुणपाल लहरे सहित विभिन्न कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बेमौसम बारिश और आंधी से गरीब का आशियाना उजड़ा...



**भोंड।** बेमौसम बारिश और तेज आंधी–तूफान ने बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत आड़ावाल में एक गरीब परिवार को बड़ा नुकसान पहुंचाया। गांव के निवासी सोमारू जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हैं, का कच्चा मकान अचानक आई आंधी–तूफान के कारण ढह गया। मकान गिरने के बाद सोमारू सुबह से ही अपने उजड़े आशियाने को देखकर दुखी नजर आए। परिवार के सामने अब रहने और दैनिक जीवन की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। इस संबंध में पंचायत सचिव रूप सिंह बघेल ने बताया कि घटना की सूचना बस्तर तहसील को भेजी जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार को शासन की ओर से उचित मुआवजा मिल सके। गांव में इस घटना के बाद लोगों में चिंता का माहौल है और सभी प्रशासन से शीघ्र सहायता की मांग कर रहे।

# कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित नहीं होगा: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम बस्तर मुन्ने के तहत ग्राम पंचायत बड़ेलखापाल में आयोजित शिविर का निरीक्षण करते हुए जयंत नाहटा ने स्पष्ट कहा कि किसी भी पात्र हितग्राही को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी सेवाएं समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से आमजन तक पहुंचाई जाएं।

इस निरीक्षण के दौरान सीईओ ने आधार कार्ड निर्माण एवं सुधार, आयुष्मान कार्ड पंजीयन, श्रम कार्ड एवं जॉब कार्ड निर्माण, राशन कार्ड जारी करने, कृषकों के केसीसी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा जाति प्रमाण पत्र समय-सीमा में जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का पंजीयन एवं केवाईसी पूर्ण करने पर जोर दिया। इसके अलावा उनके द्वारा मनरेगा अंतर्गत सभी पात्र परिवारों के जॉब कार्ड बनाने और वयस्क मतदाताओं के वोटर आईडी तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा बड़ेलखापाल से सुरनार सड़क मरम्मत की मांग पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र प्राक्कलन प्रस्तुत करने के लिए भी उन्होंने कहा। साथ ही शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का मौके पर निराकरण कर लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश भी दिए गए।

# जिला अस्पताल के केंटीन व दुकानों का निरीक्षण, एक्सपायरी सामान किए नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग और नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार सही दवा शुद्ध आहार- यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर चलाए जा रहे जांच अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के आठवें दिन जिला अस्पताल बीजापुर में संचालित केंटीन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री और व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। लेकिन वहां कार्यरत कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट और पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं मिली। अधिकारियों ने इन्हें शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मां दंतेश्वरी ढाबा का भी निरीक्षण किया गया जहां डाइनिंग हॉल के टेबलों में पर्याप्त सफाई नहीं पाई गई। साथ ही यहां भी कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट और पानी की जांच रिपोर्ट अनुपस्थित मिली। संचालक को कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने, पानी की गुणवत्ता जांच करवाने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अभियान के नौवें दिन नैमेड़ क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। बस स्टैंड के आसपास स्थित दुकानों में निरीक्षण के दौरान बजरंग किराना स्टोर्स में एक बोरी एक्सपायर्ड दलिया और युवराज किराना स्टोर्स में बालूशाही, बूंदी लड्डू, सोनपापड़ी, तिल लड्डू, पतंजलि दूध बिस्कुट, टाइगर दूध बिस्कुट, ब्रिटानिया मेरी गोल्ड, मिल्क बिकिस, अनमोल रस्क सहित कई एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री पाई गई।

अधिकारियों ने मौके पर ही इन एक्सपायर्ड वस्तुओं को नष्ट कराते हुए संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी। साथ ही निर्देश दिए गए कि खाद्य सामग्रियों की नियमित जांच करें और एक्सपायर्ड वस्तुओं को तत्काल हटाएं। अभियान के दौरान दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा मानकों की जानकारी भी दी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। साथ ही लोगों और व्यापारियों को स्वच्छता, पौष्टिक आहार और सुरक्षित दवाओं के उपयोग के प्रति जागरूक करना भी है।

# तुमरीगुंडा में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सुशासन तिहार के अंतर्गत गीदम ब्लॉक के ग्राम तुमरीगुंडा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया और त्वरित निराकरण के प्रयास किए गए। कुल 238 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित मांगें और शिकायतें शामिल थीं। उपस्थित अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष आवेदनों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई, जिससे लोगों में जागरूकता और विश्वास बढ़ रहा है। शिविर के दौरान जनपद पंचायत सीईओ बलराम ध्रुव सहित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर**
**जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / ब 121 / 2025-2026

**उदघोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका डालमि मौर्य पिता/पति छबी जाति मुरिया निवास ग्राम बस्तर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं / पुत्र/पुत्री / पिता / स्व. लखेश्वर पिता/पति स्व. महादेव जन्म / मृत्यु दिनांक 17/11/2023 को ग्राम बस्तर में होना बताते हुए जन्म / मृत्यु मृत्यु होने से जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / महिला / संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 14/05/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 29/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर — **तहसीलदार बस्तर**

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती पूर्णिमा दास वैष्णव उम्र 37 वर्ष पति श्री चंद्रकिशोर दास वैष्णव जाति बैरागी निवास ग्राम बस्तर भाटीपारा तह.बस्तर-जिला बस्तर छ.ग. की निवास हूं। जो कि सत्यनिष्ठापूर्वक कथन करती हूं।

(1) यह कि मेरा नाम कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं की अंकसूची एवं बी.ए. प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष की अंकसूची में मेरा नाम पूर्णिमा बैरागी **(POORNIMA BAIRAGI)** लिखा गया है।

(2) यह कि मेरा आधार कार्ड पर नाम पूर्णिमा दास वैष्णव **(PURNIMA DAS VAISHNAV)** लिखा गया है। जो कि विवाह के बाद का नाम है।

(3) यह कि मेरा नाम पूर्णिमा बैरागी **(POORNIMA BAIRAGI)** एवं पूर्णिमा दास वैष्णव **(PURNIMA DAS VAISHNAV)** दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत करती हूँ।

**शपथकर्ता**

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं./ 202604151000041/ ब-121/2025-26

**// ईश्तहार//**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सोनसिंह कश्यप पिता जनकदास कश्यप जाति मुरिया ग्राम महिमा तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में शासकीय कार्य हेतु आवेदक अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । यह कि आवेदक अपनी पुत्री रमली पिता स्व.दुर्जन का मृत्यु दिनांक 14.10.1972 को दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी तिथि 11/05/2026 को नियत किया गया है, वह उद्घोषणा ग्राम पंचायत रायगोंदी के सूचना पटल में देखा जा सकता है । अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपप्ति प्रस्तुत कर सकता है । समय उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

जारी दिनांक 27/04/2026

मुहर — **तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 30/4 /2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगतराम पिता कुरसो राम जाति मुरिया निवासी ग्राम पलवा तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने माता स्व. हीरामनी मौर्य/सुभाष मौर्य मृत्यु तिथि 19/9/2023 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत पलवा के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ ग्रामवासी/ पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 15/5/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 30/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 15/5/2026

मुहर — **तहसीलदार तोकापाल**

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./क/तह./2025-26
तोकापाल दिनांक 13/4/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलोचन बघेल पिता तुलाराम बघेल जाति मुरिया निवासी ग्राम घाटधनोरा तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने माता पदमा बघेल/तुलाराम मृत्यु तिथि 29/4/2023 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत घाटधनोरा के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म/मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/ पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय कि पेशी तिथि 11/5/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषण आज दिनांक 27/4/2026 को मुहर से जारी किया गया। को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की

पेशी दिनांक 11/5/2026

मुहर — **तहसीलदार तोकापाल**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### चंद्राकर बने हाउसिंग बोर्ड के ईई



**जगदलपुर।** हाउसिंग बोर्ड जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता एमके सोम के कवर्धा स्थानांतरण होने से उनके स्थान में कार्यपालन अभियंता नरेन्द्र चंद्राकर ने कार्यभार लिया। उन्होंने बताया कि बस्तर जिले में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर ठेकेदारों को निर्देश देंगे कि वे निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ करे, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ओबीसी समाज का अपमान बंद करे सरकार



**जगदलपुर।** कांग्रेस नेता एवं संभागीय अध्यक्ष ओबीसी शंकर सेन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि केंद्र सरकार ओबीसी वर्ग को जानबूझकर नजरअंदाज कर रही है। जातिगत जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम, कालम कोड नहीं देने का विरोध करना केंद्र सरकार की ओबीसी विरोधी चेहरा प्रतीत हो रहा है। आगामी जनगणना में जातिगत गणना शामिल करने का ऐलान तो कर दिया लेकिन ओबीसी समाज के साथ अन्याय किया जा रहा है। जनगणना फॉर्म में एससी और एसटी के लिए अलग कॉलम रखा गया है, लेकिन ओबीसी वर्ग के लिए अलग कॉलम या स्पष्ट कालम कोड नहीं दिया गया है। यह ओबीसी समाज को जानबूझकर नजरअंदाज करने और उनके सही आंकड़ों को छिपाने की कोशिश है। उन्होंने मांग करते कहा कि अलग कॉलम तुरंत जोड़ा जाए। ओबीसी की सभी उप-जातियों के लिए स्पष्ट कालम कोड सुनिश्चित किया जाए।

# बूथ से ही होता है विजय का मार्ग प्रशस्त : लाटिया

## बस्तर प्रभारी ने ली शहर के पूर्वी मण्डल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर जिला प्रभारी सतीश लाटिया ने बुधवार को जिला कार्यालय में शहरी क्षेत्र के पूर्वी मण्डल की बैठक ली और मण्डल के अधीन आने वाले सभी बूथ की कमेटियों को सक्रिय बनाने जोर दिया। उन्होंने कहा कि बूथ से ही विजय का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रत्येक कार्यकर्ता से संवाद स्थापित करने नियमित बैठकें आवश्यक हैं। पश्चिम बंगाल, असम व पुंडुचेरी विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी सफलता की बधाई देते कहा कि कार्यकतार्ओं का परिश्रम और समर्पण भाव ही संगठन को मजबूत बनाकर आगे बढ़ाता है। बूथ स्तर तक पहुंच कर कार्य योजना को साकार रूप दें। शक्ति केन्द्र के साथ बूथ स्तर की कमेटियों की निरंतर बैठकें कार्यकतार्ओं को सक्रिय करने के लिये आवश्यक है। उन्होंने मण्डल के कार्यों की समीक्षा कर संगठन की आगामी कार्य योजना पर मार्गदर्शन दिया। पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने कार्यों से अवगत कराया। जिला उपाध्यक्ष व पूर्वी मण्डल प्रभारी आर्येंद्र आर्य ने भी बैठक को संबोधित किया। संचालन मण्डल महामंत्री दिगम्बर राव व आभार प्रदर्शन संतोष बाजपेयी ने किया।





### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला उपाध्यक्ष सफीरा साहू, आलोक अवस्थी, विक्रम सिंह यादव, गीता नाग, डाकेश्वरी पाण्डेय, शेखर शर्मा, राजा यादव, अभय दीक्षित, केतन महानंदी, राधा बघेल, रेखा सिंह, शंकर राव, शैलेष श्रीवास्तव, संतोष पाण्डेय, किरण दीवान, सूरज केसरवानी, नीलम यादव, चंद्रमौली राव, नागेश्वर राव, मनी विक्रम नायडू, मधुमिता कश्यप, लक्ष्मी कश्यप, मनीष सकलेचा, प्रभात चौहान, सुप्रीमो मुखर्जी, रवि गहलोत, राहुल पासवान, घनश्याम बघेल, लिलिमा दत्ता, भारती राव, श्रद्धा ध्रुव, नेहा भारती, वेंकटेश राव, वीरनारायण दुधी, कमला सेठिया सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक और सांसद ने नगरनार क्षेत्र में दी 2 करोड़ 65 लाख के विकास कार्यों की सौगात

# बस्तर का कोई भी गांव पहुंचविहीन न रहे : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव एवं सासंद महेश कश्यप ने 2 करोड़ 65 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर विकास कार्यों की सौगात दी। विधानसभा क्षेत्र के नगरनार मंडल में मारकेल, भेजापदर, घाटपदमूर, करनपुर, आसना, आड़ावाल, बम्हनी, गरावण्ड खुर्द, नगरनार, हल्बाकचोरा में डोम शेड, सड़क संपर्क, देवगुड़ी, मातागुड़ी उन्नयन कार्य पर विशेष जोर दिया गया। मारकेल में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते ग्राम बम्हनी, करनपुर एवं गरावण्ड खुर्द में डोम शेड निर्माण लागत 20-20 लाख रुपए के विकास कार्यों के साथ आड़ावाल में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य लागत 13 लाख रुपए, कालीपुर में सीसी सड़क निर्माण कार्य लागत 4 लाख, मारकेल में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य लागत 14 लाख, भेजापदर में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य लागत 12.85, खम्हार गांव सी सी सडक निर्माण कार्य लागत 9.50 लाख, धाटपदमूर में सीसी सड़क निर्माण कार्य लागत 13.50 लाख, आसना में सीसी सड़क निर्माण कार्य लागत 3.28लाख, करनपुर एवं खूटपदर में सीसी सड़क निर्माण कार्य लागत 10-10 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

वहीं ग्राम पंचायतों में देवगुड़ी व मातागुड़ी का उन्नयन व शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। जिसमें मारकेल में हनुगुड़ी का उन्नयन तथा कालीपुर में हिंगलाज माता गुड़ी का उन्नयन कार्य लागत 5-5 लाख, धनपुंजी में दंतेश्वरी माता गुड़ी, बामनदई माता गुड़ी में शेड निर्माण कार्य, नगरनार राममंदिर में शेड निर्माण व उन्नयन कार्य लागत 15-15 लाख रुपए, बुरूदंबाड़ा सेमरा में माता गुड़ी में आहता निर्माण कार्य लागत 5 लाख रुपए, करनपुर में रामपाल व ठाकुरानी माता गुड़ी तथा बीजापुट में कोदईमाता गुड़ी में उन्नयन कार्य लागत 15-15 लाख रुपए एवं हल्बाकचोरा में मां गंगादई माता गुड़ी में आहता निर्माण व शेड निर्माण कार्य लागत 20 लाख रुपए एवं कुम्हली जीरा गांव में तालाब के उन्नयन कार्य हेतु लागत 19.69 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। आज 2 करोड़ 65 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

सांसद ने कहा क्षेत्र का विकास करना हमारा दायित्व है। इस विधानसभा क्षेत्र में जनमानस के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। आज करोड़ों के विकास कार्यों काभूमिपूजन किया गया।



### ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क बनने से आवागमन की होगी सुविधा

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए किरण देव ने कहा कि सरकार बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ने और बुनियादी सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि यह महज निर्माण कार्य नहीं, बल्कि प्रगति के रास्ते हैं। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क बनने से आवागमन में हो रही दिक्कतों से निजात मिलेगी। हमारा लक्ष्य है कि बस्तर का कोई भी गांव पहुंचविहीन न रहे। देवगुड़ी व मातागुड़ी से विशेष आस्था और पंरपरा से जुड़ाव होता है। जिसके लिए सरकार मंदिरों, देव गुड़ी व माता गुड़ी के उन्नयन पर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास कार्य अनवरत जारी रहेगा। राशि की कमी नहीं होगी।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, जिला पंचायत सदस्य बिंदू साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, मंडल प्रभारी रजनीश पानीग्राही, सुब्रतो विश्वास, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, सीमांचल दास, राजेश शर्मा, मनोज पटेल, रूपेश समरथ, तपन सरकार, राधे पन्दे, जनपद सीईओ अमित भाटिया एवं अन्य उपस्थित थे।

## राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन के प्रदेशव्यापी जनप्रतिनिधि जनसंपर्क अभियान के तहत जनता यूनियन जगदलपुर क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव से मुलाकात की। इस दौरान पावर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना लागू करने, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, नियमित भर्ती की मांग एवं अन्य समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। पदाधिकारियों ने विधायक के समक्ष विद्युत व्यवस्था में आ रही कमी और उसके प्रमुख कारणों को विस्तार से रखा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 10 साल पहले हुई संविदा भर्ती के तहत नियुक्त कर्मी आज तक नियमित नहीं हुए हैं, अधिकांश नियमित कर्मचारी पहले ही सेवानिवृत्ति हो चुके हैं। जिसके कारण कार्यरत कर्मचारियों पर कार्य का अत्यधिक दबाव है। प्रतिनिधि मंडल ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने और नियमित भर्ती शुरू करने, कर्मचारियों की पदोन्नति का एकीकरण, वेतन विसंगतियों के निराकरण, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण एवं अन्य समस्याओं पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। विधायक द्वारा सभी समस्याओं को संज्ञान में लिया गया एवं उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि कर्मचारियों की जायज मांगों पर शासन स्तर पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। जनता यूनियन के प्रतिनिधि मंडल में श्री जॉर्ज, सत्यजीत चौधरी, रवि चक्रवर्ती, लीना टोजी, पूजा सज्जन, संतोष दास एवं कमलेश साहू ने कर्मचारी मांगों को विस्तार से रखा गया।

# संगठन की मजबूती और सफल नेतृत्व से मिली जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में मिली भारी सफलता पर प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव को वन मंत्री केदार कश्यप, चित्रकूट विधायक विनायक गोयल, बेवरेज कारपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात कर जीत की बधाई दी। किरण देव ने सफलता का श्रेय संगठन की मजबूती और नेतृत्व को दिया। कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनकल्याणकारी नीतियों के कारण पार्टी को सफलता मिली है। इसी तरह जनता के बीच रहकर काम करने की बात कही।

हरिभूमि
आवश्यकता
रिपोर्टर/सब एडिटर
छत्तीसगढ़ के अग्रणी समाचार पत्र हरिभूमि को अपने वनांचल भूमि हेतु योग्य अनुभवी रिपोर्टर की आवश्यकता है।
- प्रतिष्ठित समाचार पत्र/न्यूज चैनल में कार्य करने का अनुभव।
- न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता- स्नातक
- कम्प्यूटर एवं हिंदी का अच्छा ज्ञान आवश्यक।
संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें
हरिभूमि संभागीय कार्यालय
पूनम हॉटल, चांदनी चौक, जगदलपुर
मोबाइल- 9425590411, 8817958580

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## करदाता ने 16 साल का बकाया संपत्तिकर एकमुश्त किया जमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बकाया रकम 68 हजार देकर प्राप्त की रसीद

नगर पालिका निगम में एक करदाता ने 16 वर्षों का बकाया संपत्ति कर एकमुश्त जमा किया । बुधवार को निगम कार्यालय में राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा एवं सहायक राजस्व निरीक्षक साधु राम बघेल की उपस्थिति में प्रसून ठाकुर ने 68,264 रुपये की राशि जमा की। सभापति राणा ने आभार व्यक्त करते कहा कि नागरिक समय पर कर जमा करें, ताकि अतिरिक्त शुल्क से बचा जा सके। उन्होंने वर्ष 2026-27 के संपत्ति कर में मिलने वाले छूट का लाभ उठाने की अपील की।

## जिपं अध्यक्ष ने दी प्रधानमंत्री आवास की चाबी



**जगदलपुर।** बकावंड विकासखण्ड के ग्राम कोलावल के जन समस्या निवारण शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप पहुंची। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जब तक हम गांव गांव घर घर पहुंचकर समस्या को नहीं समझेंगे तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। इसलिए सरकार सुशासन तिहार में घर और गांव पहुंचकर समस्या का निराकरण कर रही है। यहां शिविर में 76 आवेदन प्राप्त हुए। 13 ग्राम पंचायत के ग्रामीण पहुंचे। शिविर में जनपद अध्यक्ष बकावंड सोनावरी भद्रे , उपाध्यक्ष तरूण पांडेय, पूर्व जनपद अध्यक्ष फरीस बेसरा, एसडीएम मनीष वर्मा जनपद सीईओ परमेश्वर कुर्रे, महिला बाल विकास अधिकारी मनोज सिन्हा सहित पंच, सरपंच और पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए।

